# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706550

कमांकः एफ.7(4)छात्रसंघ चुनाव/अकाद/आकाशि/2022/ 670 दिनांक 12 अगस्त, 2022

समस्त जिला कलक्टर,
राजस्थान।

विषय :– महाविद्यालयों में होने वाले छात्रसंघ चुनाव 2022 बाबत।

महोदय,

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2022–23 के छात्रसंघ चुनाव दिनांक 26.08.2022 को सम्पन्न करवाये जाने का निर्णय लिया गया है। छात्रसंघ चुनाव की प्रकिया दिनांक 18.08.2022 से प्रारम्भ होकर दिनांक 26.08.2022 को मतदान एवं दिनांक 27.08.2022 को परिणाम जारी होने के पश्चात् समाप्त होगी।

महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव सौहार्द्धपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करवाने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला प्रशासन का सहयोग वांछनीय है। बिना जिला प्रशासन के सहयोग के निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण छात्रसंघ चुनाव सम्पन्न करवाना सम्भव नहीं है।

अतः आपसे अनुरोध है कि आपके जिले में स्थापित समस्त महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव के दौरान सौहार्द्धपूर्ण वातावरण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में स्थानीय प्रशासन को महाविद्यालय के प्राचार्य के साथ पूर्ण सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित करने का श्रम करावें।

**संलग्न : राज्य सरकार द्वारा जारी छात्रसंघ चुनाव, 2022 के कार्यक्रम की प्रति।**

भवदीय,

आयुक्त
कॉलेज शिक्षा

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित करें –

1. पुलिस आयुक्त, जयपुर/जोधपुर।
2. समस्त जिला पुलिस अधीक्षक, राजस्थान।
3. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, जयपुर।
4. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप–4)विभाग राजस्थान, जयपुर।
5. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
6. समस्त प्राचार्य, राजकीय/निजी महाविद्यालय, राजस्थान को निर्देशित किया जाता है कि वे छात्रसंघ चुनाव के दौरान मुख्यावास नहीं छोडे तथा छात्रसंघ चुनाव के लिए आवश्यक सहयोग हेतु सम्बन्धित जिला कलेक्टर/जिला पुलिस अधीक्षक से व्यक्तिशः सम्पर्क में रहें ताकि चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाया जा सके।
7. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विभागीय साईट पर अपलोड करने के साथ ही जिला कलेक्टर्स, जिला पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस आयुक्त जयपुर/जोधपुर को भी ई–मेल करने का श्रम करें।

12.8.22
(डॉ. शैला महान)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706550

क्रमांकः एफ 7(4)छात्रसंघ चुनाव/अकाद/आकाशि/2022/653 दिनांकः 8 अगस्त, 2022

प्राचार्य,
समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय :– महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव करवाने बाबत।
सन्दर्भ :– संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर के पत्रांक प.3(54)शिक्षा–4/2002/पार्ट जयपुर दिनांक 29.07.2022.

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित की छाया प्रति संलग्न कर लेख है कि महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव के सम्बन्ध में लिंगदोह समिति की सिफारियों व विभाग द्वारा समय समय पर जारी निर्देशों की पालना सुनिश्चित करते हुए छात्रसंघ चुनाव निर्धारित कार्यक्रमानुसार सम्पन्न करावें।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

आयुक्त
कॉलेज शिक्षा

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ –

1. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
3. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
3. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय।

8/8/22
(शैला महान)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

JD Acad.
8/8

Dr Mahendra Sunkar 8/8/22

Uddhavji Urgent महेन्द्र 08/8/22

# राजस्थान सरकार
## शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग

क्रमांकः प. 3 (54) शिक्षा–4/2002 पार्ट जयपुर, दिनांकः 29.07.2022

### आदेश

I.D. No. 473
Dated 8/8/22

1 आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2 कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3 कुलसचिव, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर।
4 कुलसचिव, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर।
5 कुलसचिव, मोहन लाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
6 कुलसचिव, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा।
7 कुलसचिव, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
8 कुलसचिव, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा।
9 कुलसचिव, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जोधपुर।
10 कुलसचिव, पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
11 कुलसचिव, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर।
12 कुलसचिव, राजर्षि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर।
13 कुलसचिव, गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा।
14 कुलसचिव, हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जन संचार विश्वविद्यालय, जयपुर।
15 कुलसचिव, डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर।
16 कुलसचिव, एम.बी.एम. विश्वविद्यालय, जोधपुर।

विषयः–विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव सत्र 2022–23 के सम्बन्ध में।
संदर्भः–लिंगदोह समिति की सिफारिश, जिन्हें माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्वीकार किया गया एवं विभाग द्वारा जारी किये गये आवश्यक निर्देश दिनांक 25.06.2010 एवं वर्ष 2017 व 2018 में विभाग द्वारा जारी दिशा–निर्देश।

महोदय ,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित लिंगदोह समिति की सिफारिशों एवं विभाग द्वारा इस संदर्भ में समय–समय पर जारी निर्देशों के कम में राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष सम्पूर्ण राजस्थान राज्य की उच्च शिक्षण संस्थाओं में छात्रसंघ चुनाव निम्नानुसार करवाये जाने का निर्णय लिया गया है :–

| क्रम.स | कार्यक्रम | दिनांक | वार |
|---|---|---|---|
| 1 | मतदाता सूचियों का प्रकाशन प्रातः 10.00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक | 18.08.2022 | गुरूवार |
| 2 | मतदाता सूचियों पर आपत्ति प्राप्त करना प्रातः 10.00 बजे से अपराह्न 1.00 बजे तक | 20.08.2022 | शनिवार |
| 3 | मतदाता सूचियों का अन्तिम प्रकाशन अपराह्न 2.00 बजे से 5.00 बजे तक | 20.08.2022 | शनिवार |
| 4 | उम्मीदवारी हेतु नामांकन पत्र दाखिल करना प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक | 22.08.2022 | सोमवार |
| 5 | उम्मीदवारों के नामांकन पत्र की जांच एवं आपत्तियां प्राप्त | 22.08.2022 | सोमवार |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | करना। (अपराह्न 3:00बजे से सायं 5:00 बजे ) | | |
| 6 | वैध नामांकन सूची का प्रकाशन (प्रातः 10:00बजे) | 23.08.2022 | मंगलवार |
| 7 | उम्मीदवारों द्वारा नाम वापस लिया जाना (पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक) | 23.08.2022 | मंगलवार |
| 8 | उम्मीदवारों की अंतिम नामांकन सूची का प्रकाशन (अपराह्न 2:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक ) | 23.08.2022 | मंगलवार |
| 9 | मतदान (प्रातः 8:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक) | 26.08.2022 | शुक्रवार |
| 10 | मतगणना एवं चुनाव परिणामों की घोषणा तथा विजयी उम्मीदवारों को शपथ दिलवाना सुबह 10:00 बजे से कार्य समाप्ति तक। | 27.08.2022 | शनिवार |

अतः उपर्युक्त कार्यक्रमानुसार एवं लिंगदोह समिति की सिफारिशों व विभाग द्वारा समय–समय पर जारी समस्त दिशा–निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिशचित करते हुए छात्र संघ चुनाव सम्पन्न कराया जाना सुनिश्चित करावें।

भवदीय,

(डॉ. फिरोज अख्तर)
संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1 निजी सचिव, प्रमुख सचिव, महामहिम राज्यपाल, राजस्थान, राजभवन, जयपुर।
2 निजी सचिव, प्रमुख सचिव, मा0मुख्यमंत्री, राजस्थान, जयपुर।
3 विशिष्ठ सहायक, मा. मंत्री महोदय, उच्च शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4 निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग।
5 शासन उप सचिव, गृह एवं नागरिक सुरक्षा विभाग।
6 शासन उप सचिव, गृह (ग्रुप–1) विभाग।
7 शासन उप सचिव, संस्कृत शिक्षा विभाग।
8 शासन उप सचिव, युवा मामलात एवं खेल कूद विभाग।
9 शासन उप सचिव, पशुपालन विभाग।
10 शासन उप सचिव, कृषि (ग्रुप–3) विभाग
11 शासन उप सचिव, चिकित्सा शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग।
12 शासन उप सचिव, आयुर्वेद शिक्षा विभाग।
13 शासन उप सचिव, श्रम नियोजन एवं उद्यमिता विभाग।
14 संयुक्त सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग।
15 निदेशक, संस्कृत शिक्षा, ब्लॉक–6, शिक्षा संकुल, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर।
16 समस्त कुलसचिव, मानद विश्वविद्यालय, राजस्थान।
17 समस्त कुलसचिव, निजी विश्वविद्यालय, राजस्थान।
18 प्रभारी वेबसाईट, आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।
19 रक्षित पत्रावली।

संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा